FRONTEX / EURP ईयू पुनरएकीकरण कार्यक्रम (ईयूआरपी)

# प्रवासियों के लिए रीइंटीग्रेशन सहायता

फ्रंटेक्स संयुक्त रीइंटीग्रेशन सेवाओं के अंतर्गत



हिंदी संस्करण

हम आपकी सहायता करने के लिए हैं

यूरोपीय प्रौद्योगिकी और प्रशिक्षण केंद्र · LIFE · caritas · WELDO · IRARA

## स्वैच्छिक रिटर्न के क्या लाभ हैं?

**हम समझते हैं कि अपने मूल देश में वापस लौटने में कठिनाइयाँ हो सकती हैं। हम आपकी सहायता के लिए हैं। हम यात्रा की तैयारी में आपको मदद कर सकते हैं और आपके पहुंचने पर आपके लिए उपलब्ध अवसरों के बारे में आपको जानकारी दे सकते हैं।**

यदि आपने स्वेच्छा से लौटने का निर्णय लिया है या आपको सदस्य राज्य के राष्ट्रीय अधिकारियों से वापसी का निर्णय (रिटर्न डिसीजन) मिला, तो आप अपने गृह देश के समाज में फिर से जाने के लिए सहायता प्राप्त करने के पात्र हो सकते हैं। फ्रंटेक्स ने, जो कि यूरोपीय सीमा और तटरक्षक एजेंसी है, **संयुक्त रीइंटीग्रेशन सेवा** नामक एक कार्यक्रम तैयार किया है, जो आपके गृह देश के नागरिक सामाजिक संगठनों के साथ संपर्क स्थापित करती है। इस संस्था को रीइंटीग्रेशन सहायता प्रदान करने का अनुभव है और जब आप अपने घर वापस आकर एक नई शुरुआत कर रहे हैं तो यह इसमें आपकी सहायता करने के लिए तत्पर है।

**वापसी की प्रक्रिया जटिल लग सकती है। इसमें आपके सामने बहुत सारे प्रश्न खड़े हो सकते हैं और आपको चिंता हो सकती है। इन प्रश्नों के उत्तर ढूंढने में आपकी सहायता के लिए, रिटर्न और रीइंटीग्रेशन काउंसलर जैसे विशेषज्ञ कर्मचारी आपकी सेवा में मौजूद होंगे। वे आपको वापसी और रीइंटीग्रेशन के कानूनी, प्रशासनिक और मनोवैज्ञानिक पहलुओं से अवगत कराएंगे, और आपके भविष्य के लिए जो सही विकल्प हैं, उन्हें चुनने में मार्गदर्शन करेंगे।**

यदि आपको विशेष देखभाल की आवश्यकता है, उदाहरण के लिए, यदि आप नाबालिग व्यक्ति हैं और अकेले हैं, या फिर आप एक गर्भवती महिला हैं, या फिर आप मानव तस्करी का शिकार हुए हैं, या फिर यदि आपको स्वस्थ्य संबंधी समस्याएं या विकलांगताएं हैं, या फिर आप के साथ बच्चे हैं, तो कृपया आपको अपने रिटर्न और रीइंटीग्रेशन काउंसलर को सूचित करना चाहिए। परामर्शदाता यह सुनिश्चित करेंगे कि आपकी विशिष्ट प्रकार की व्यक्तिगत स्थिति या परिस्थिति को ध्यान में रखते हुए आपके रीइंटीग्रेशन सहायता को बेहतर बनाया जाए।

## क्या मैं रीइंटीग्रेशन सहायता के लिए योग्य हूँ?

आप रीइंटीग्रेशन सहायता प्राप्त कर सकते हैं यदि:

ए आपको ठहरने, कानूनी निवास या/और अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा (शरण) के अपने अनुरोध पर **अभी तक अंतिम रूप से मनाही नहीं हुई है**, और उसके बाद भी आप वापस लौटने का निर्णय लेते हैं। उस स्थिति में हम **स्वैच्छिक वापसी** के बारे में बात करते हैं।

बी **आपको अंतिम रूप से मनाही हो गई है** और/या एक तथाकथित 'वापसी का निर्णय' **प्राप्त हुआ है**, जिसके अनुसार आपको सदस्य राज्य का क्षेत्र एक निर्धारित समय सीमा के भीतर छोड़ना होगा। आपने अपने मूल देश लौटने का निर्णय लिया है। ऐसी स्थिति में हम स्वैच्छिक वापसी की बात करते हैं। जिस यूरोपीय देश में आप रह रहे हैं, वहां के राष्ट्रीय अधिकारी आपको रीइंटीग्रेशन सहायता प्राप्त करने की संभावना और उस समय सीमा के बारे में सूचित करेंगे जिसके भीतर आपको देश छोड़ना होगा॥

**यदि आप यूरोपीय संघ के सदस्य राज्य के क्षेत्र में रहने, कानूनी निवास और/या अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा का अधिकार रखते हैं, तो आप रीइंटीग्रेशन सहायता के लिए पात्र नहीं हैं।**

सी **आपको वापसी का निर्णय प्राप्त हुआ हुआ** है, जैसा कि b के तहत बताया गया है, और आपने निर्धारित समय सीमा (स्वैच्छिक वापसी) के भीतर वापसी करने का विकल्प नहीं चुना है। ऐसी स्थिति में वापसी का निर्णय लागू हो जाता है, और आपको बलपूर्वक वापस भेजे जाने के परिणाम स्वीकार करने होंगे।

**कृपया ध्यान दें** कि संयुक्त रीइंटीग्रेशन सेवाओं के लिए आवेदन जमा करते समय यूरोपीय संघ के सदस्य राज्य यह निर्धारित करने के लिए उत्तरदायी हैं कि उनके राष्ट्रीय कानून के अनुसार आप रीइंटीग्रेशन सहायता के लिए पात्र हैं या नहीं।

## किस प्रकार की रीइंटीग्रेशन सहायता उपलब्ध है?

संयुक्त रीइंटीग्रेशन सेवाओं में दो प्रकार की सहायता शामिल है:

**अल्पकालिक सहायता:** आगमन पर, आपको पहले कुछ दिनों के लिए तत्काल सहायता प्रदान की जा सकती है, उदा. हवाई अड्डे से पिक-अप, अल्पकालिक आवास, चिकित्सा सहायता आगे के परिवहन, परिवार से पुनर्मिलन और सीमित वित्तीय सहायता आदि।

**दीर्घकालिक सहायता:** 12 महीने तक की अवधि के लिए एक रीइंटीग्रेशन योजना बनाई जा सकती है। जब आप अपने मूल देश में वापसी कर लेंगे, तब मेज़बान देश में आपका रिटर्न और रीइंटीग्रेशन काउंसलर और आपके मूल देश में हमारी संस्था जो भी सर्वोत्तम विकल्प उपलब्ध हैं, उन पर आपसे चर्चा करेगी और उनके कार्यान्वयन में सहायता देगी। दीर्घकालिक रीइंटीग्रेशन सहायता के उदाहरण हैं:

**दीर्घकालिक आवास और उससे संबंधित लागत**

**नियमित चिकित्सा सहायता**

**शिक्षा (स्कूली शिक्षा और व्यावसायिक प्रशिक्षण)**

**रोजगार परामर्श और लेबर मार्केट तक पहुंचने में सहायता**

**लघु व्यवसाय स्थापित करने में सहायता**

**परिवार से पुनर्मिलन**

**कानूनी परामर्श और प्रशासनिक सहायता**

**मनोसामाजिक सहायता**

दोनों ही मामलों में, आपको रीइंटीग्रेशन पार्टनर द्वारा विशेष सहायता प्रदान की जाएगी, जो आपकी रीइंटीग्रेशन योजना की देखरेख करेगा और हो सकता है कि आपकी मदद के लिए वह आपको अन्य संस्थाओं के पास भेजे।

## मैं अपने रिटर्न और रीइंटीग्रेशन काउंसलर से क्या उम्मीद कर सकता हूं?

रिटर्न काउंसलर के साथ व्यक्तिगत परामर्श सत्र के दौरान, आपको रिटर्न की संभावनाओं और मदद और रीइंटीग्रेशन के लिए सहायता के विकल्पों के बारे में उपयोगी जानकारी प्राप्त होगी। आपके परामर्शदाता (काउंसलर) आपकी सहायता करने के लिए प्रशिक्षित हैं और वह आपके सभी प्रश्नों का उत्तर देने में सक्षम हैं। आप किसी भी समय अपने रिटर्न और रीइंटीग्रेशन काउंसलर से आवेदन के संबंध में आपके अधिकारों के बारे में जानकारी ले सकते हैं। परामर्श सत्र के दौरान यदि आप परामर्शदाता के समान भाषा बोलने में सहज महसूस नहीं करते हैं तो आप दुभाषिया का अनुरोध कर सकते हैं।

यदि रीइंटीग्रेशन के लिए सहायता प्राप्त करने में आप रुचि दर्शाते हैं, तो आपके आवेदन पर कार्रवाई करने के लिए परामर्शदाता को कुछ महत्वपूर्ण जानकारी एकत्र करने की आवश्यकता है। आपसे आपकी पहचान सम्बंधित दस्तावेजों, परिवार के सदस्यों और उनके संपर्क विवरण और गंतव्य के बारे में जानकारी प्रदान करने का अनुरोध किया जाएगा। आपके द्वारा प्रदान की गई जानकारी डेटा सुरक्षा कानूनी आवश्यकताओं के अनुसार एकत्रित की जाएगी। अगर कोई विशेष आवश्यकता हो, तो उस बारे में अपने परामर्शदाता को सूचित करने में कृपया संकोच न करें।

आवेदन प्रक्रिया के दौरान आपसे एक फॉर्म भरने के लिए तथा आपके व्यक्तिगत डेटा को प्रयोग करने की अनुमति फ्रंटेक्स को देने के लिए कहा जाएगा। रीइंटीग्रेशन पार्टनर के लिए आपकी पहचान की पुष्टि करने के लिए यह जानकारी आवश्यक है और इसका उपयोग यूरोपीय जनरल डेटा संरक्षण विनियमन के अनुसार केवल इसी उद्देश्य के लिए किया जाएगा।

**टिप्पणियाँ**

______________________________

______________________________

______________________________

______________________________

______________________________

______________________________

## मैं (स्थानीय) रीइंटीग्रेशन पार्टनर से क्या उम्मीद कर सकता हूं?

आपके मूल देश में, रीइंटीग्रेशन पार्टनर आपके मामले को देखेंगे। यदि आपने अल्पकालिक सहायता मांगी है, तो हवाई अड्डे पर पार्टनर आपसे मिल सकते हैं और अत्यावश्यक जरूरतों के सम्बन्ध में आपकी सहायता कर सकते हैं। यदि आपने लंबी अवधि के लिए सहायता प्राप्त करने का विकल्प भी चुना है, तो हमारे रीइंटीग्रेशन पार्टनर आपके संपर्क में रहेंगे, और आपके प्रश्नों के उत्तर देंगे। हमारे पार्टनर से संपर्क करने के लिए आपका हमेशा स्वागत है। कृपया किसी भी तरह के प्रश्नों या शंकाओं के मामले में रीइंटीग्रेशन पार्टनर से संपर्क करने की पहल करें।

### ! ध्यान देने योग्य बात:

रीइंटीग्रेशन पार्टनर या उसके स्थानीय पार्टनर कार्यालयीन समय के दौरान आपकी सहायता करेंगे।

पुनः एकीकरण भागीदार या स्थानीय भागीदार के प्रति अपमानजनक और/ या बाधाकारी व्यवहार अस्वीकार्य है।

आपके सामने आने वाली सभी समस्याओं का समाधान रीइंटीग्रेशन पार्टनर नहीं कर सकते हैं; वे केवल वही सहायता प्रदान कर पाएंगे जिस पर पहले ही सहमति हुई है।

आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ करने के लिए आपको पहचान संबंधी दस्तावेज की आवश्यकता होगी।

आवेदन प्रक्रिया को संपन्न करने के लिए आपको सहमति प्रपत्र पर हस्ताक्षर करना होंगे।

**कृपया अपने देश में रीइंटीग्रेशन पार्टनर से संपर्क करें**

संपूर्ण जानकारी निम्नलिखित वेबसाइट पर उपलब्ध है →




FPI-23.0027_HI

PRINT / TT-05-23-164-HI-C / ISBN 978-92-9406-399-1 / doi 10.2819/849383
PDF / TT-05-23-164-HI-N / ISBN 978-92-9406-398-4 / doi 10.2819/911182